केला

फसल-कटाई उपरान्त टेक्नोलॉजी

ग्रेडिंग :

प्रत्येक हाथ में उंगलियों की संख्या और आकार के आधार पर हाथों को श्रेणीबद्ध किया जाता हैं। अतिपक्व और खराब फलों को इस स्तर पर अलग कर दिया जाता हैं। केलों को गुच्छों के रूप में स्थानीय बाजार में भेजा जाता है।

पैकेजिंग :

पैकिंग और परिवहन के लिए गुच्छे को केले की पत्तियों सहित गद्दीदार बनाया जाता है। केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर द्वारा तैयार किए गए कवकनाशी पेस्ट को डंठल की तरफ की दुर्गन्ध को रोकने के लिए छिलने वाले किनारों की तरफ लगाया जाता है। पेस्ट के सुखने के बाद, गुच्छों को पोलीथीन टयूब (175 गेज, 10 सेमी छिद्र के अलावा 1.8 सेमी सहित 55 सेमी चौडा) में रखा जाता हैं। यदि इनके ट्रांसपोरटेशन में विलम्ब होता है तो गुच्छों को फिर धरती पर मुरझाई और सुखी पत्तियों के साथ मिलाकर खडी या क्षैतिज रूप में ढेर बनाकर रखना चाहिए।

निर्यात के लिए, केलों को स्टेम और हाथों से हटा दिया जाता है और केलों के गुच्छों को छिद्रित पोलीथीन लिनरस वाले नालीदार बक्सों में पैक किया जाता हैं। हाथों के घुमावदार पक्ष को सामने ऊपर की ओर रखा जाता है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऊपर की तरफ वाले हाथों के क्राउन से केले के निचले भाग को नुकसान न हों।

भंडारण :

कोल्ड स्टोरेज में, केलों को 90-95% सापेक्ष आर्द्रता के साथ 13-14 डिग्री सेल्सियस पर स्टोर किया जाता है। नियंत्रित वातावरण स्थिति के तहत, परिवहन और स्टोरेज के दौरान पूरक तापमान और आर्द्रता प्रबंधन के लिए 2-5% ऑक्सीजन और 2-5% कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग किया जाना चाहिए। एक पीपीएम से नीचे इथाइलीन सान्द्रता को बनाए रखने से परिपक्व हरे केलों की पोस्टहार्वेस्ट लाइफ को बढ़ाया जा सकता है। परिपक्व हरे केलों को ईथीलीन-मुक्त हवा में 3 सप्ताह तक और 14 डिग्री सेल्सियस पर नियंत्रित वातावरण में 6 सप्ताह तक रखा जा सकता है।

कूल चैन :

निर्यात गुणवत्ता चीजों के परिवहन के दौरान खेत से ग्राहक तक सभी रास्तों में कूल चैन आवश्यक है। यह बॉक्सों के अन्दर तापमान को उसी कम स्तर पर बनाए रखने में सहायता करता है, जैसा कि कोल्ड स्टोरेज में होता है।

कूल चैन के विभिन्न स्तर हैं:

1. खेत में कोल्डस्टोर
2. खेत से हवाई अड्डे के लिए प्रशीतित ट्रक
3. हवाई अड्डे पर कोल्डस्टोर
4. हवाई अड्डे पर कोल्डस्टोर पैलट का निर्माण करना
5. कम समय में कोल्डस्टोर से सीधे विमानों की लोडिंग करना
6. कार्गो विमान कोल्डस्टोर तापमान को नियंत्रित करके बनाए रखता है
7. प्राप्त करने वाले देश में कोल्डस्टोर के अन्दर डायरेक्ट ऑफ लोडिंग
8. ग्राहकों के िलए प्रशीतित ट्रक